**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**<u>22.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे</u>**

## मुख्य समाचार

- **केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–हिमाचल में कांग्रेस की वादा खिलाफी से जनता आक्रोशित।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश सरकार पूरी तरह सुरक्षित–बागी विधायकों को सबक सिखाएगी जनता।**
- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जल जनित रोगों की आशंका को देखते हुए पेयजल स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की दी सलाह।**
- **मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज से प्रदेश हाईकोर्ट में डे–टू–डे आधार पर सुनवाई आरंभ।**

## अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर वोट मांगती रही है। इसके विपरित भाजपा विकास, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए वोट मांगती है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज कांगड़ा के देहरा में अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की संस्कृति तोड़ने की है जबकि भाजपा की संस्कृति जोड़ने की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने न सिर्फ बाबा साहेब भीमराव अंबेड़कर को प्रताड़ित किया बल्कि उन्हें राजनीतिक रूप से खत्म करने का काम भी किया। भोरंज विधानसभा के जाहू और घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज लोग कांग्रेस की वादा खिलाफी से आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि चार जून को जहां देश में पूर्ण बहुमत से मोदी सरकार बनेगी वहीं हिमाचल में भी भाजपा सरकार बनेगी और प्रदेश डबल ईंजन की रफ्तार से विकास करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले दस सालों के कार्यकाल में वंचित ही प्राथमिकता में रहे हैं। उन्होंने विपक्ष की रैलियों में संविधान बचाओं अभियान को मुद्दा बनाए जाने को भय और भ्रम की राजनीति करार दिया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर सेना का सशक्तिकरण किया है।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कांग्रेस के अयोग्य करार दिए गए विधायकों पर राजनीतिक हमलों का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने आज सुजानपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक व भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा पर निशाना साधा और कहा कि राणा उनके पास सिर्फ अफसरों के तबादले और क्रशर माफिया के काम करवाने आते थे और उन्हें लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राणा ने उन्हें कभी भी सुजानपुर आने का निमंत्रण नहीं दिया। इसके बावजूद वह सुजानपुर आए और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब इस विधानसभा क्षेत्र में कोई विधायक नहीं है इस लिए वही सुजानपुर के भी विधायक हैं और मुख्यमंत्री भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब इस क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह सुरक्षित है और जनता ही बागी विधायकों को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जल्द ही लोकसभा और विधानसभ उप–चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित करेगी। इससे पूर्व सुजानपुर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भारत में विकास की एकमात्र गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। केंद्र में दस साल में उन्होंने जो विकास किया वह आज तक नहीं हुआ। जयराम ठाकुर ने आज सराज विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के जनसंपर्क अभियान के दौरान चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की गति को और तेज करने के लिए देशवासियों ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल से भी सभी चारों सीटें भाजपा जीतने जा रही है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत के लिए भारी संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा विकास के संकल्प के साथ काम करती है और जो कहती है वह करके दिखाती है।

**सुक्खू–जयराम ठाकुर**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते रोज पालमपुर में एक लड़की पर हुए जानलेवा हमले के पीड़ित रिश्तेदारों से आज सुजानपुर के नाल्टी दा पुल के पास मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुख जताया और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने ये भी कहा कि पीड़ित लड़की के ईलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी। इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी पीड़ित लड़की के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की। जयराम ठाकुर ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़े हैं।

**हाईकोर्ट**

प्रदेश हाईकोर्ट ने संशोधित वेतनमान के अनुसार ग्रेच्युटी की बकाया राशि जारी न करने पर शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले में पहले हाईकोर्ट ने उच्चतर शिक्षा निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ अदालती आदेशों की अवमानना का मुकदमा चलाया जाए। अदालत ने प्रार्थियों गजराज ठाकुर और अन्य को संशोधित वेतनमान के आधार पर 18 अप्रैल तक ग्रेच्युटी जारी करने के आदेश दिए थे। मामले पर अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

**बैठक**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गर्मियों के मौसम में जल जनित रोगों के बढ़ने की आशंका को देखते हुए पेयजल स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का कहा है।

राज्यपाल आज सोलन के परवाणु में ज़िला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में परवाणु क्षेत्र में डायरिया के मामलों की रोकथाम और नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की गई। राज्यपाल ने पेयजल के दूषित होने के कारणों का पता लगाने के लिए संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए। ये टीम डायरिया फैलने के कारणों पर एक–दो दिन में अपनी रिपोर्ट देंगी। राज्यपाल ने लोगों से पानी उबाल कर पीने और पानी की टंकियों में क्लोरीन डालने का भी आग्रह किया ताकि इस जल जनित रोग पर शीघ्र काबू पाया जा सके। राज्यपाल ने बाद में ई.एस.आई. अस्पताल परवाणु जाकर डायरिया पीड़ितों का कुशल क्षेम जाना। उन्होंने प्रशासन को ई.एस.आई. की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश भी दिए ताकि पीड़ितों को बेहतर उपचार मिल सके।

**सी.पी.एस.**

प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज से डे–टू–डे आधार पर सुनवाई आरंभ हुई। ये सुनवाई न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति बी.सी नेगी की खंडपीठ के समक्ष हो रही है। सुनवाई के पहले दिन आज खंडपीठ ने पक्षकारों की ओर से बहस सुनने के बाद इस पर आगामी सुनवाई कल 23 अप्रैल को निर्धारित की है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री व कांग्रेस के शिमला संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस अपनी सवा साल की उपलब्धियों और भाजपा सांसद सुरेश कश्यप की नाकामियों को लेकर जनता के बीच जाएगी। रोहित ठाकुर ने आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता में भाजपा उम्मीदवार व सांसद सुरेश कश्यप को सलाह दी कि वह जनता के बीच अपने कार्य गिनवाएं न कि राम मंदिर और प्रधानमंत्री के नाम पर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि सांसद सुरेश कश्यप का पांच साल का कार्यकाल निराशाभरा रहा है। उन्होंने इस दौरान ना तो सांसद निधि से कोई पैसा पंचायतों को दिया और न ही जनता के बीच गये। रोहित ठाकुर ने ये भी कहा कि पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर कार्य करेंगे।

**हर्षवर्धन चौहान**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों व युवाओं के हितों की रक्षा करने वाली सरकार है। हर्षवर्धन चौहान ने आज शिमला में एक बयान में आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने किसानों व युवाओं को हाशिए पर धकेलने का काम किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने हमेशा किसानों, पशुपालकों व युवाओं के हितों को प्राथमिकता दी है और इनके कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने गेहूं और मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार आगामी सीज़न से सेब बागवानों के लिए यूनिवर्सल कार्टन की सुविधा को लागू करने जा रही है। उन्होंने भाजपा को किसानों, बागवानों और युवाओं को लेकर भ्रामक बयानबाजी न करने की भी सलाह दी।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार राज्य में चुनाव से पहले साम्प्रदायिकता की स्थिति पैदा करना चाहती है। सिरमौर ज़िला में विभिन्न नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री के भुट्टो को कुट्टो के उकसावे वाले बयान के बाद प्रदेश में साम्प्रदायिकता की घटनाएं बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार असामाजिक तत्वों को सरंक्षण दे रही है और विरोधियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप भी उनके साथ मौजूद रहे।

**रजनीश किमटा**

प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने कहा है कि पार्टी लोकसभा की शेष दो और विधानसभा उप–चुनाव के लिए सभी 6 उम्मीदवारों की जल्द ही घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। रजनीश किमटा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में लोकसभा के चुनाव में अंतिम चरण में होने है और कांग्रेस ने चुनाव प्रचार की सारी योजना तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह प्रदेश व्यापी चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। इसके बाद पार्टी के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में उतरेंगे। उन्होंने गंगूराम मुसाफिर की पार्टी में वापसी के मुद्दे पर कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने अभी इसकी अनुशंसा नहीं की है।

---